दिन– शुक्रवार                                                                 दिनांक– 27 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                      अवधिः– 05 मिनट

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णियां, अररिया और किशनगंज में बहुत भारी वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अररिया के फारबिसगंज में सबसे अधिक तीन सौ चालीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। वहीं, जिले के जोकिहाट में तीन सौ छह दशमलव चार, पलासी में दो सौ अस्सी दशमलव आठ, किशनगंज में दो सौ अट्ठाईस दशमलव चार और पूर्णियां के डगरूवा में दो सौ तीन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण के कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, सीतामढ़ी, सीवान, मधेपुरा, पूर्णियां और मुजफ्फरपुर जिले में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी आने से राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है।

————————————————————————

वृक्षारोपण के अभियान एक पेड मां के नाम के अन्तर्गत देशभर में अब तक अस्सी करोड़ से ज्यादा पौधे लगाये जा चुके हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अस्सी करोड़ पौधे लगाने के महत्वकांक्षी लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से पांच दिन पहले ही सफलता पूर्वक हासिल कर लिया है। मंत्रालय ने इसका श्रेय सरकारी एजेन्सियों, स्थानीय समुदायों और हितधारकों के सहयोगात्मक प्रयास को दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीपल का पौधा लगा कर एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनतीस सितम्बर रविवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा।

---

संसद की विभाग संबंधी स्थायी समितियों का गठन कर दिया गया है। पूर्वी चंपारण से भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह रक्षा समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। जदयू के संजय झा परिवहन, पर्यटन और संस्कृति समिति की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी को जल संसाधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

---

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रदेशवासियों से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल होने की अपील की है। राजभवन में इस अभियान की शुरूआत करते हुए श्री आर्लेकर ने कहा कि अपने घर और आस–पास को स्वच्छ रखकर ही हम स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत के संकल्प को पूरा कर सकते हैं।

---

आज विश्व पर्यटन दिवस है। लोगों को एक दूसरे से जोड़े रखने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन की भूमिका को दर्शाने के उद्देश्य से हर साल सत्ताईस सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस साल का विषय है– पर्यटन और शांति। प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले वर्ष लगभग साढ़े पांच लाख विदेशी पर्यटक बिहार आये हैं। वहीं, इस वर्ष जुलाई तक के आंकड़ों के अनुसार दो लाख सड़सठ हजार से अधिक पर्यटकों का बिहार आगमन हो चुका है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि राज्य के अन्य पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में निजी सार्वजनिक भागीदारी के आधार पर तीन फाइव स्टार होटलों के निर्माण को अनुमति दी गयी है। श्री मिश्रा ने बताया कि राज्य में पर्यटन केंद्रों के पास रोजगार को बढावा देने के लिए मुख्यमंत्री होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गयी है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।